राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर (पर्यावरण विभाग)

अरावली भवन, प्रथम तल, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर 302004

Email: rajsbb@rajasthan.gov.in; www.rsbb.rajasthan.gov.in;

0141–2704188 / 2702188 / 2702088

विश्व गौरैया दिवस दिनांक 20 मार्च, 2025
एवं
अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस दिनांक 21 मार्च, 2025

विश्व वानिकी उद्यान, जयपुर के परिसर में राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा मुख्य वन संरक्षक श्री आर. एन.मीणा के मार्गदर्शन एवं उप वन संरक्षक श्री मुकेश कुमार तिवाड़ी की अध्यक्षता में विश्व गौरैया दिवस एवं अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप वन संरक्षक श्री मुकेश कुमार तिवाड़ी द्वारा वन परितंत्र में गौरैया के महत्व व इसके संकटग्रस्त होने एवं विद्यार्थियों को गौरया को बचाने हेतु जागरूक किया गया। विश्व वानिकी उद्यान, जयपुर की क्षेत्रीय वन अधिकारी श्रीमती इंदिरा मिरोठा द्वारा वनों की महत्वपूर्ण जानकारी देकर प्राकृतिक आवास को बचाने हेतु विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस

अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस का आयोजन विश्व वानिकी उद्यान, जयपुर के परिसर में किया गया। श्री मुकेश कुमार तिवाड़ी उप वन संरक्षक द्वारा वनों की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताया गया साथ ही वन एवं आहार के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी देकर वनों को बचाने हेतु विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के अगले चरण में क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री मनीष कुमार कुलदीप द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों से वन, भोजन एवं प्राकृतिक आवास के बारे में प्रश्नोत्तरी की गई तथा राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर द्वारा प्रोत्साहन हेतु उपहार दिये गये। अंतिम चरण में सभी को वन उद्यान, राशि वन, औषधीय वन, पाल्मेटम, रेड हाऊस अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कराकर विभिन्न वनस्पतियों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।